साप्ताहिक
# युवा प्रदेश
Freedom Of Speech
RNI. NO. MPHIN/2015/76299
संपादक-नागेश नरवरिया
YP24 NEWS
जिले एवं तहसीलों में संवाददाता नियुक्त करना है संपर्क करें ...
संपर्क करे- 9425156055
वर्ष-10 अंक-01 | www.yuvapradesh.in | भोपाल, शुक्रवार 20 फरवरी 2026 | ypnews24@gmail.com | पृष्ठ-08 मूल्य 2 रूपये

## छात्राओं ने दिल्ली भ्रमण कर जानी देश की सांस्कृतिक और आधुनिक विरासत



अमरनाथ गर्ल्स डिग्री कॉलेज, मथुरा की छात्राओं के लिए एक दिवसीय शैक्षणिक एवं मनोरंजक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस यात्रा के दौरान छात्राओं ने देश की राजधानी दिल्ली के प्रमुख पर्यटन स्थलों—अक्षरधाम मंदिर, मायावती पार्क और डीएलएफ मॉल का आनंद लिया। अध्यात्म और वास्तुकला का संगम- अक्षरधाम यात्रा की शुरुआत विश्व प्रसिद्ध स्वामीनारायण अक्षरधाम मंदिर से हुई। मंदिर की भव्यता और वहां की नक्काशी देखकर छात्राएं मंत्रमुग्ध हो गईं। छात्राओं ने न केवल मंदिर के दर्शन किए, बल्कि वहां की प्रदर्शनी के माध्यम से भारतीय संस्कृति की गौरवगाथा को भी समझा। मायावती पार्क (राष्ट्रीय दलित प्रेरणा स्थल) का भ्रमण दोपहर के समय सभी छात्राएं नोएडा स्थित राष्ट्रीय दलित प्रेरणा स्थल (मायावती पार्क) पहुँचीं। यहाँ छात्राओं ने पार्क की विशाल संरचनाओं, सुंदर फव्वारों और महापुरुषों की प्रतिमाओं को देखा। हरियाली के बीच छात्राओं ने समूह में फोटो खिंचवाईं।

डीएलएफ मॉल में की जमकर मस्ती

ट्रिप का आखिरी पड़ाव डीएलएफ मॉल (DLF Mall of India) रहा। यहाँ की आधुनिक चकाचौंध और गेमिंग ज़ोन ने छात्राओं का उत्साह दोगुना कर दिया। छात्राओं ने मॉल में अपनी पसंद के व्यंजनों का लुत्फ उठाया। छात्राओं के चेहरे पर दिखी खुशी।ट्रिप के आयोजक श्री मती नूतन देहर और रोहित वाजपेयी ने बताया कि इस यात्रा का उद्देश्य छात्राओं को पढ़ाई के तनाव से दूर एक यादगार अनुभव देना और उन्हें बाहरी दुनिया से रूबरू कराना था। शाम को सभी छात्राएं सुरक्षित वापस लौट आईं। छात्राओं ने इस ट्रिप को बेहद यादगार बताया और कहा कि ऐसे आयोजनों से आत्मविश्वास बढ़ता है।

### मंच का वीडियो हुआ वायरल

# पीएम मोदी के साथ ग्रुप फोटो के वक्त सैम और डारियो अमोडेई के बीच दिखी नाराजगी




**नई दिल्ली।**

इंडिया एआई इम्पैट समिट में एक छोटा सा पल सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ। गुरुवार को ग्रुप फोटो के वक्त पीएम मोदी और दूसरे टेक लीडर्स ने एक साथ मिलकर हाथ उठाया। तभी ओपन एआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन और एन्थ्रोपिक के सीईओ डारियो अमोडेई ने एक-दूसरों की तरह हाथ पकड़ने की बजाय हाथ ऊपर उठा लिया। सैम और डारियो अमोडेई के बीच का ये ऑकवर्ड मोमेंट कैमरे में कैद हुआ और यह पल तुरंत चर्चा का विषय बन गया। इंटरनेट पर इस मामले को लेकर कई तरह के मीम्स बना रहे हैं और वीडियो वायरल हो गया। रिपोर्ट्स और सोशल मीडिया पोस्ट में इस दोनों कंपनियों के बीच पुराने प्रोफेशनल टकराव से जोड़ कर देखा गया। ओपनएआई का फोकस तेज प्रोडक्ट लांच और बड़े पैमाने पर यूजर तक पहुंच पर रहा है। वहीं एन्थ्रोपिक शुरू से सेफ्टी और जिम्मेदार इस्तेमाल पर ज्यादा जोर देता आया है। इसी सोच के फर्क को लोग इस पल से जोड़ कर देख रहे हैं हालांकि दोनों की तरफ से इस पर कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।

सैम ऑल्टमैन और डारियो अमोडेई के बीच तनाव की कहानी नई नहीं है। अमोडेई पहले ओपन एआई में सीनियर पोजिशन पर काम कर चुके हैं। इसके बाद में उन्होंने अपने कुछ साथियों के साथ एन्थ्रोपिकशुरू किया। उस वक्त वजह सामने आई थी कि एआई को कितनी तेजी से आगे बढ़ाया जाए और सेफ्टी को कितना प्राथमिकता दी जाए। इसी सोच के फर्क ने दोनों कंपनियों को अलग रास्तों पर खड़ा कर दिया। तब से ओपन एआई और एन्थ्रोपिक को एआई रेस में एक-दूसरे का बड़ा कॉम्पिटीटर माना जाता है। सोशल मीडिया पर इस पल को लेकर मीम्स और जोक्स की बाढ़ आ गई। कुछ यूजर्स ने इस पल को एआई इंडस्ट्री की 'कोल्ड वॉर' जैसा बताया। वहीं कई लोगों का कहना है कि यह बस एक लम्हा था, जिसे जरूरत से ज्यादा तूल दिया जा रहा है। मंच पर मौजूद बाकी लीडर्स ने एकता का इशारा किया, लेकिन यह छोटा सा अलग व्यवहार कैमरे में कैद हो गया और सुर्खियों में आ गया। गौरतलब है कि एआई इम्पैट समिट सिर्फ वायरल पलों तक सीमित नहीं है। यहां एआई को लेकर बड़ी घोषणाएं, निवेश की बातें और पॉलिसी पर चर्चा भी हुई। भारत में एआई का भविष्य, डेटा सेंटर इंफ्रा, स्किल डेवलपमेंट और सुरक्षित इस्तेमाल जैसे मुद्दे भी इसी मंच पर उठे। फिलहाल सैम ऑल्टमैन और डारियो अमोडेई में से किसी ने भी इस पोज को लेकर कोई सफाई नहीं दी है। इसलिए किसी सोचे-समझे मैसेज के तौर पर देखना जल्दबाजी हो सकती है। लेकिन इतना तय है कि एआई की रेस में मुकाबला तेज है और छोटी सी तस्वीर भी बड़ी बहस खड़ी कर सकती है।

# MP Land Revenue Code, 1959- उत्तराधिकारी को भूमि संपत्ति प्राप्त करने क्या कानूनी कार्रवाई करनी चाहिए, जानिए

कई बार विधिवत वसीयतनामा नहीं होता परंतु प्रत्येक व्यक्ति को अपने पूर्वजों की संपत्ति में उत्तराधिकार का अधिकार प्राप्त होता है। पिता की संपत्ति में सभी संतानों को उत्तराधिकार प्राप्त होता है। आइए जानते हैं कि ऐसी स्थिति में जबकि वसीयत या अन्य कोई दस्तावेज ना हो, तब पूर्वजों की संपत्ति पर अधिकार प्राप्त करने के लिए मध्यप्रदेश में एक नागरिक को क्या कानूनी कार्रवाई करनी चाहिए।

**मध्यप्रदेश भू राजस्व संहिता, 1959 की धारा 109 की परिभाषा**

* कोई भी व्यक्ति जो भूमि में अपना अधिकार रखता है वह अपना अधिकार प्राप्त करने के लिए अधिकार प्राप्त की तारीख से छः माह के 1. भीतर ग्रामीण क्षेत्र में भूमि प्राप्त करने की दशा में पटवारी या भू राजस्व अधिकारी तहसीलदार को रिपोर्ट भेजेगा। 2. अगर



व्यक्ति नगरीय क्षेत्र में भूमि पर अधिकार प्राप्त करना चाहता है तब नगर सर्वेक्षण या तहसीलदार को रिपोर्ट करेगा। अगर कोई भूमि अधिकार प्राप्त करने वाला व्यक्ति अवयस्क हो तब उसके संरक्षक या उसकी सहमति से अन्य भारसाधक व्यक्ति द्वारा रिपोर्ट दी जाएगी। अगर भूमि किसी भारतीय रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1908 के अधीन रजिस्ट्रीकृत हो गई है तब रजिस्ट्रीकरण अधिकारी उस क्षेत्र पर जहां भूमि स्थित हैं तहसीलदार को सम्पूर्ण जानकारी भेजेगा जैसी वह सूचना द्वारा मांगेगा। * ऐसा व्यक्ति जिसने भूमि पर वर्तमान में अधिकार किया है या कोई व्यक्ति ऐसी भूमि का अधिकार प्राप्त करना चाहता है, वह दस्तावेज जो उसके पास अधिकार संबंधित रखता है, उनको पटवारी, नगर सर्वेक्षक, राजस्व निरीक्षक या राजस्व अधिकारी को मांगने पर प्रस्तुत करेगा।

* अगर कोई व्यक्ति उपर्युक्त अधिकारी अधिकार संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करता है तब तहसीलदार पाँच हजार रुपए तक का जुर्माना उस पर लगा सकता है।

महत्वपूर्ण जजमेंट- प्रमोद कुमार गोयल बनाम मध्यप्रदेश राज्य, 2016 उक्त मामले में न्यायालय द्वारा यह अभिनिर्धारित किया गया कि नगर पालिका की भूमि का बिना उसे संयोजन (मिलाव) किए निजी व्यक्ति के नाम से ट्रांसफर किया गया है। ऐसा आदेश नगर पालिका पर बन्धकारक नहीं होगा। किसी भूमि के स्वामी के मालिकाना हक या कब्जा को किसी निजी व्यक्ति को अभिनिर्णीत करने का तहसीलदार को अधिकार नहीं हैं।

2. रघुवर कुशवाह एवं अन्य बनाम चंद्रमणि कुशवाहा एवं अन्य, 2018

उक्त मामले में न्यायालय ने अभिनिर्धारित किया कि पुत्र एवं पुत्रियों को हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम के तहत उनकी पैतृक संपत्ति में समान अधिकार प्राप्त है। ऐसी सम्पति प्राप्त के दावे में पुनः निरीक्षण अवश्य नहीं होता है। नोट- विधवा पत्नी को पति की भूमि संबंधित संपत्ति प्राप्त करने का अधिकार प्राप्त होता है।

**लेखक एडवोकेट बी. आर. अहिरवार (विधिक सलाहकार नर्मदापुरम)**

## मुख्यमंत्री ने पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान की प्रदेश स्तरीय कार्यशाला को संबोधित किया



**भोपाल।**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल, भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह एवं प्रशिक्षण महाअभियान के प्रभारी केसी पटेल ने गुरूवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान की प्रदेश स्तरीय कार्यशाला को संबोधित किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रशिक्षण न केवल हमारे व्यक्तिगत जीवन में सुधार लाता है, बल्कि यह हमें नये दृष्टिकोण और सोच के आयाम भी प्रदान करता है। यह हमें अपने गुणों को पहचानने और उन्हें निखारने का महत्वपूर्ण अवसर देता है।

# देश की एकता, अखंडता और खुशहाली के लिए सामाजिक सद्भाव जरूरी हैः अतर सिंह भारतीय

यदि हमें विकसित राष्ट्र बनना है तो आरक्षण, एट्रोसिटी एक्ट, ऌष्ट जैसी मजबूत कानूनी व्यवस्थाएं दुरुस्त करना ही पड़ेगा। क्योंकि जातीय भेदभाव के कारण कोई खाना छूने पर मार देता है।
कोई धार्मिक ग्रंथ या किताब छूने व पढ़ने पर मार देता है।
कोई मंदिर में जाने या पूजन करने पर मार देता है तो
कोई पत्थर की मूर्ति छूने पर मार देता है।
कोई बेटियों - बहनों का बलात्कार करके मार देता है तो
कोई अंतर्जातीय विवाह करने पर मार देता है।
कोई मूंछ रखने या बुलेट पर चढ़नें पर मार देता है।
कोई दूल्हा को घोड़ी के ऊपर बैठने पर मार देता है।
कोई कुओं, चपाकल, नल, नदियों से पानी भरने पर मार देता है।
कोई गांव के गांव जला देता है तो कोई घर, आंगन व जमीनें छीन कर कब्जा कर लेता है।
कोई पेशाब पिला देता है तो कोई गोबर खिला देता है।
कोई बेरहमी से पिछड़ी जातियों के लोगों की हत्याएं कर देता है।
कोई बहन - बेटियों को नंगा करके गांव में घुमा देता है,
कोई सरकारी दफ्तरों, शैक्षणिक संस्थानों , थानों, बाजारों में अपमानित कर देता है। यह सब जातीय आधार पर लगातार



सैंकड़ों वर्षों से होता आ रहा है। जिससे देश को भीतर ही भीतर खतरा है।
क्या ये जातिगत भेदभाव, शोषण, अत्याचार, हत्या, बलात्कार, सार्वजनिक अपमान करने या सहने से हम विकसित राष्ट्र बन सकते हैं? मेरा मानना है कि नहीं, कभी नहीं।
यदि हम सब हिंदू , मुसलमान, सिख, ईसाई, जैन, दलित, आदिवासी, पिछड़ा, सवर्ण आदि के वर्चस्व के लिए आपस में लड़ते रहेंगे तो देश का बाजार प्रभावित होता है। विदेशी ताकतें हमारे देश को कमजोर कर सकती हैं और लोकतंत्र को भी भयंकर खतरा है।
इसलिए देश में धार्मिक, सामाजिक और आर्थिक समानता न्याय पूर्ण तरीके से अपनाना ही होगा। अर्थात यूनिवर्सिटी ग्रांट कमीशन (ऌष्ट) 2026 जैसे बिल का सभी वर्गों के लोगों को समर्थन करना चाहिए। क्योंकि इसका उद्देश्य उच्च शिक्षा संस्थानों में समानता, समावेशन और भेदभाव - मुक्त वातावरण सुनिश्चित करना है। यह बिल अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, ओबीसी, महिलाओं, दिव्यांगजनों और अल्पसंख्यक वर्गों के खिलाफ किसी भी प्रकार के भेदभाव को रोकने पर केंद्रित है।

**इस बिल के प्रमुख लाभ**

- समानता और समावेशन- यह बिल उच्च शिक्षा संस्थानों में समानता और समावेशन को बढ़ावा देता है, जिससे सभी छात्रों को समान अवसर मिलता है।
- भेदभाव रोकना- यह बिल जाति, धर्म, लिंग, जन्म-स्थान और दिव्यांगता के आधार पर किसी भी प्रकार के भेदभाव को रोकता है।
- शिकायत निवारण- यह बिल शिकायत निवारण के लिए एक मजबूत प्रणाली स्थापित करता है, जिससे छात्रों की शिकायतों का समय पर निवारण हो सके।
- उच्च शिक्षा की गुणवत्ता- यह बिल उच्च शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने में मदद करता है, जिससे देश के विकास में योगदान मिलता है।

इस बिल का समर्थन करने से देश को एक अधिक समावेशी और न्यायसंगत समाज बनाने में मदद मिलेगी।

# जनगणना से संबंधित कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में बैठक आयोजित




**रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल मध्य प्रदेश**

कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में जिला जनगणना समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनगणना 2027 को पूर्णतः डिजिटल मोड में संपादित करने से संबंधित प्रमुख बिंदुओं पर चर्चा की गई तथा सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। जनगणना कार्य निदेशालय संयुक्त निदेशक नमित यादव, सहायक निदेशक ऐन्सी रेजी द्वारा प्रथम चरण मकान सूचीकरण के जिला स्तरीय प्रशिक्षण में प्रथम चरण 1 से 30 मई तक में की जानी वाली आवश्यक कार्यवाही संबंधी प्रशिक्षण दिया। साथ ही जिला प्रभारी द्वारा महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की गई। बैठक में डिजिटल जनगणना प्रक्रिया, डाटा की शुद्धता एवं पारदर्शिता, प्रभावी कार्य प्रणाली एवं निगरानी व्यवस्था। जनगणना कार्यक्रम- प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणनाङ्क 1 मई से 30 मई 2026, द्वितीय चरण जनसंख्या गणना फरवरी 2027 से प्रारंभ की जाएगी। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि जनगणना कार्य को पूर्ण गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं जिम्मेदारी के साथ समय-सीमा में संपादित किया जाए,। जिला स्तर पर मानव संसाधन, मकान सूचीकरण ब्लॉक (एच एल बी) एवं दलों के गठन कर उनका प्रशिक्षण समय-सीमा में सुनिश्चित किया जाए ताकि निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति नियत समय में सुनिश्चित हो सके।जनगणना 2027 देश की 16वीं तथा स्वतंत्रता के बाद की 8वीं जनगणना होगी। यह गांव, शहर एवं वार्ड स्तर पर प्राथमिक आंकड़ों का सबसे बड़ा एवं विश्वसनीय स्रोत है। जनगणना-2027 पूर्णतः डिजिटल होगी तथा पहली बार नागरिकों को स्व-गणना का विकल्प प्रदान किया गया है। आंकड़ों का संकलन स्व-गणना पोर्टल एवं मोबाइल एप (एचएलओ एप) के माध्यम से किया जाएगा। मकान सूचीकरण ब्लॉक का सृजन एचएलबीसी वेब पोर्टल से तथा प्रबंधन एवं निगरानी सीएमएमएस वेब पोर्टल के माध्यम से की जाएगी। घर-सूचीकरण चरण में भवन उपयोग सहित 33 बिंदुओं पर जानकारी दर्ज की जाएगी।

# पोस्टर मेकिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया

**पत्रकार बीआर अहिरवार नर्मदापुरम ।**

शासकीय विधि महाविद्यालय नर्मदापुरम में प्राचार्य डॉ. कल्पना भारद्वाज के मार्गदर्शन में इको क्लब के तत्वावधान में ÷पर्यावरण संरक्षण एवं सुरक्षित भविष्य÷ थीम पर आधारित पोस्टर मेकिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन इको क्लब के संयोजक शिवाकांत मौर्य के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना तथा रचनात्मक अभिव्यक्ति के माध्यम से सतत विकास के संदेश को प्रभावी रूप से प्रस्तुत करना था। विद्यार्थियों ने अपने पोस्टरों में जल संरक्षण, वृक्षारोपण, प्रदूषण नियंत्रण, जैव विविधता संरक्षण एवं स्वच्छ पर्यावरण जैसे विषयों को सशक्त संदेशों और आकर्षक चित्रों के माध्यम से प्रदर्शित किया। इस कार्यशाला में 15 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए पर्यावरणीय जिम्मेदारी और सुरक्षित भविष्य के निर्माण हेतु अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के माध्यम से महाविद्यालय परिवार ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों को प्रकृति के प्रति संवेदनशील एवं उत्तरदायी नागरिक बनने का संदेश दिया।






# मच्छर जनित बीमारियों के नियंत्रण हेतु स्वयं सेवकों को दिया गया प्रशिक्षण

**रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल मध्य प्रदेश।**



वाहक जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत मच्छर जनित रोगों के उन्मूलन के लिए जिला मलेरिया कार्यालय भोपाल द्वारा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.मनीष शर्मा के निर्देशन एवं जिला मलेरिया अधिकारी स्मृता नामदेव द्वारा एंबेड वॉलंटियर का प्रशिक्षण रखा गया। जिला मलेरिया अधिकारी स्मृता नामदेव ने कहा कि अगर किसी के घर में या आसपास लार्वा मिले या कही दिखे उसे तुरंत खत्म करना है,अगर किसी जल पात्र में या वर्तन में लार्वा मिले तो उस पानी को सूखे स्थान पर फेंके, अगर आप नाली में या ऐसी जगह इस पानी को फेंक देंगे जहां पहले से पानी है ऐसी स्थिति में लार्वा को पनपने का सोर्स मिल जायेगा और वो मच्छर में तब्दील हो जाएगा। खुद के घर में जाकर में हमे देखना है की कही पानी तो नही जमा है, अगर कूलर, मनी प्लांट, सीमेंट का टैंक इत्यादि में सात दिन से ज्यादा पानी जमा हो तो तुरंत उसे खाली करे एवं अच्छे से सुखाए जिससे डेंगू या मलेरिया का मच्छर नही पनपे। प्रशिक्षण में जिला मलेरिया सलाहकार रुचि सिलाकारी एवं मलेरिया इंस्पेक्टर उर्मिला सिंह ने सभी युवाओं को प्रशिक्षण दिया इस दौरान बताया कि हम सभी लोग मिलकर काम करें जिससे कि अपने क्षेत्र को डेंगू एवं मलेरिया मुक्त बना सके। साथ ही कहा कि जब भी घर पर भ्रमण करे लोगो को डेंगू एवं मलेरिया से बचाव हेतु संदेश जरूर दे। इस दौरान जिला मलेरिया अधिकारी ने स्वयं सेवकों को लार्वा से मच्छर बनने की प्रक्रिया को वीडियो के माध्यम से समझाया। साथ ही चर्चा के दौरान कहा कि आप अपने क्षेत्र में घर में अपने आस पास लार्वा जरूर देखे। मच्छर को पानी के संपर्क में आने से रोकना जरूरी है जिससे मच्छर नही पनपे। प्रतिभागियों ने खुद पानी की टंकी को खाली कराया। फैमिली हेल्थ इंडिया के रीजनल कोऑर्डिनेटर डॉ संतोष भार्गव ने सभी से कहा कि नियमित रूप से लार्वा सर्वे करे, लार्वा का नष्टीकरण हेतु ऑयलफिलमिंग इत्यादि गतिविधि अपनाए। प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर रत्नेश सिंह ने सभी युवाओं से कहा की आप अपने वार्ड में हमारे साथ काम करे, आपको मलेरिया विभाग का पूर्ण सहयोग आपको इस कार्य हेतु मिल रहा है। आप खुद अपने मोहल्ले या बस्ती से लार्वा का नष्टीकरण करे। इस दौरान यूथ फैसिलिटेटर कृष्णा पटेल, वॉलंटियर कॉर्डिनेटर शिवानी, भूमिका सहित सहित सभी वॉलंटियर उपस्थित रहे।

# पर्यावरण संरक्षण एवं संबंधित विधियों' पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

**पत्रकार बीआर अहिरवार नर्मदापुरम।**

शासकीय विधि महाविद्यालय नर्मदापुरम में प्राचार्य डॉ. कल्पना भारद्वाज के मार्गदर्शन में इको क्लब के तत्वावधान में ÷पर्यावरण संरक्षण एवं संबंधित विधियों÷ पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन इको क्लब के संयोजक शिवाकांत मौर्य के नेतृत्व में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में पर्यावरण संरक्षण से जुड़े राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों, पर्यावरणीय विधानों तथा उच्चतम न्यायालय द्वारा समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों पर आधारित प्रश्न शामिल किए गए। प्रश्नोत्तरी का उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरणीय जागरूकता, विधिक समझ तथा समसामयिक पर्यावरणीय चुनौतियों के प्रति उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना था। इस प्रतियोगिता में लगभग 40 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण से संबंधित विधिक प्रावधानों, न्यायालयीन निर्णयों एवं वैश्विक प्रयासों पर अपने ज्ञान का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के माध्यम से महाविद्यालय परिवार ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों को सतत विकास एवं विधिक दायित्वों के प्रति सजग रहने का संदेश दिया।



# स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत श्रमदान किया गया



**पत्रकार बीआर अहिरवार नर्मदापुरम।**

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय नर्मदा महाविद्यालय नर्मदापुर की राष्ट्रीय सेवा योजना बालिका इकाई द्वारा 13 फरवरी 20 26 को स्वच्छ भारत के लिए श्रमदान किया गया स्वयं सेविकाओं और स्वयंसेवक छात्रों ने कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर वर्मा के साथ मिलकर पॉलीथिन प्लास्टिक कचरा। पन्नी खाली प्लास्टिक की बोतल बटोरी तथा प्लास्टिक का प्रयोग नहीं करने का संकल्प लिया कचरा मुक्त भारत निर्माण करने का संदेश समाज को दिया प्राचार्य डॉक्टर आरके चौक से के मार्गदर्शन में विद्या वन में बालिकाओं ने स्वच्छता के लिए श्रमदान किया कार्यक्रम में राजकुमारी आसिफा गोरी सुनीता पलक भारती मेघा मेघा सुरुचि निशा तृषा सलोनी रजनी तरुण आशीष सुदामा निशांत आशीष ने भाग लिया



# सरोजिनी नायडू शासकीय कन्या स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय में परिचर्चा का आयोजन



**रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल मध्य प्रदेश**

अपर मुख्य सचिव, उच्च शिक्षा विभाग अनुपम राजन की अध्यक्षता में सरोजिनी नायडू शासकीय कन्या स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, भोपाल में विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए कोचिंग संस्थानों के लिए नए नियमों पर परिचर्चा का आयोजन कयिा गया। इस अवसर माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के तहत कोचिंग सेंटरों हेतु नियम अधिसूचित किए जाने पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में राज्य में संचालित कोचिंग संस्थानों का पंजीकरण, सुरक्षित एवं मानक आधारति वातावरण, पारदर्शी शुल्क व्यवस्था, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों के लिए समयबद्ध और पारदर्शी शिकायत निवारण तंत्र स्थापित करने पर विचार विमर्श कयिा गया एवं सुझाव प्राप्त कए गए। बैठक के दौरान आयुक्त उच्च शिक्षा प्रबल सपिाहा सहति वभिन्नि वभिागों के प्रतनिधिि उपस्थति रहे।

# शा मोतीलाल विज्ञान महाविद्यालय भोपाल में वार्षिक उत्सव (अभीरंगना) 2026 धूमधाम से संपन्न

**हल्केवीर सूर्यवंशी संभागीय संवाददाता**





**भोपाल।** शा मोतीलाल विज्ञान महाविद्यालय, भोपाल के वार्षिक उत्सव समारोह में देशभक्ति और इतिहास चेतना का अद्भुत संगम देखने को मिला। बीएससी प्रथम वर्ष के छात्र लव कुश अहिरवार ने महान आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी भगवान बिरसा मुंडा का किरदार निभाते हुए उनके संघर्ष और त्याग को जीवंत कर दिया।

वहीं बीएससी प्रथम वर्ष के ही एक अन्य छात्र ने अमर शहीद वीर भगत सिंह की भूमिका निभाकर उपस्थित दर्शकों में जोश और देशभक्ति का संचार किया। दोनों विद्यार्थियों ने शानदार संवाद अदायगी और प्रभावशाली प्रस्तुति के माध्यम से यह संदेश दिया कि इतिहास केवल पढ़ने की चीज नहीं, बल्कि उसे समझना और आत्मसात करना भी आवश्यक है। कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों और शिक्षकों ने इन प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी छोटी-छोटी पहल से ही बड़े बदलाव की शुरुआत होती है। मंच के माध्यम से विद्यार्थियों ने यह साबित किया कि अपने महापुरुषों के जीवन, उनके संघर्ष और विचारों को जानना आज के युवाओं के लिए बेहद जरूरी है।

**संदेश:** यदि हम अपने इतिहास, महापुरुषों और उनके संघर्षों को नहीं समझेंगे, तो सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और शैक्षणिक रूप से आगे बढ़ना कठिन होगा। स्कूल और कॉलेजों में ऐसे प्रयास निरंतर होते रहने चाहिए, ताकि नई पीढ़ी अपने गौरवशाली इतिहास से परिचित हो सके।

# मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने लापरवाही बरतने पर पर दो ग्राम पंचायत सचिवों को किया निलंबित

**रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल मध्य प्रदेश**




मुख्य कार्यपालन अधिकारी भोपाल इला तिवारी ने कर्तव्य के प्रति लापरवाही बरतने एवं अनुशासनहीनता को दृष्टिगत रखते हुये संतोष औचावर, सचिव, ग्राम पंचायत बिसनखेडी जनपद पंचायत फंदा को पंचायत सेवा (अनुशासन तथा अपील) नियम 1999 के नियम-4 के अंतर्गत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। औचावर का मुख्यालय जनपद पंचायत, फंदा जिला भोपाल नियत किया जाता है। निलंबन अवधि के दौरान नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।इसके साथ ही श्री खुमान सिंह मीणा, सचिव, ग्राम पंचायत अर्रावती ज.पं. बैरसिया को शासकीय कर्तव्यों में अनुशासनहीनता के दृष्टिगत रखते हुये श्री मीणा, सचिव, ग्राम पंचायत अर्रावती एवं अतिरिक्त प्रभार ग्राम पंचायत सूरजपुरा, जनपद पंचायत बैरसिया को पंचायत सेवा (अनुशासन तथा अपील) नियम 1999 के नियम-4 के अंतर्गत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाकर मुख्यालय जनपद पंचायत, बैरसिया जिला भोपाल नियत किया जाता है। निलंबन अवधि के दौरान नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

# राजनगर में महाशिवरात्रि पर निकली जाएगी भगवान शिव की भव्य बारात, महिलाओं ने मेहंदी व हल्दी रस्म में बढ़-चढ़कर लिया भाग

**कुमार अनूप गुप्ता ब्यूरो चीफ अनूपपुर**





राजनगर में महाशिवरात्रि पर निकली जाएगी भगवान शिव की भव्य बारात, महिलाओं ने मेहंदी व हल्दी रस्म में बढ़-चढ़कर लिया भाग राजनगर महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर मधुबन क्लब, राजनगर के सामने स्थित शिव मंदिर में धार्मिक उल्लास और श्रद्धा के साथ विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

दिनांक 14-02-2026 को दोपहर 12ः00 बजे हल्दी की रस्म का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। इसके बाद शाम 6ः00 बजे मेहंदी कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें क्षेत्र की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और भक्ति गीतों के साथ वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

इसी क्रम में आज शाम 4ः00 बजे भगवान शिव की भव्य बारात शिव मंदिर परिसर से निकाली जाएगी। बारात शिव मंदिर से प्रारंभ होकर भगत सिंह चौक, जोड़ा तालाब, छोटी काली मंदिर (सी-टाइप) होते हुए पुनः शिव मंदिर पहुंचेगी। इसके उपरांत मंदिर प्रांगण में जयमाला कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने और पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।साथ ही, दिनांक 16-02-2026 को श्रद्धालुओं के लिए खिचड़ी भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सभी भक्तों को प्रसाद ग्रहण करने हेतु आमंत्रित किया गया है।महाशिवरात्रि के अवसर पर पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में सराबोर है और श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है।

# केन-बेतवा लिंक परियोजना आंदोलन: प्रेस वार्ता में पीड़ितों ने सुनाई बर्बरता की दास्तान, निष्पक्ष जांच की मांग तेज

## सकारात्मक संवाद जारी, पर आंदोलन का दमन स्वीकार नहीं - अमित भटनागर

**छतरपुर।**

छतरपुर स्थित निजी होटल में आयोजित प्रेस वार्ता में केन-बेतवा परियोजना से प्रभावित ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने शांतिपूर्ण आंदोलन के दौरान हुई घटनाओं को लेकर विस्तार से जानकारी दी। प्रेस वार्ता में सामाजिक कार्यकर्ता अमित भटनागर के साथ पार्षद दिव्या अहिरवार, पार्षद रामपाल शर्मा, परियोजना प्रभावित हरिदास अहिरवार, बहादुर आदिवासी, राहुल अहिरवार, पवन कुमार पटेल, पुरुषोत्तम अहिरवार, अनमोल कोंदर सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। अमित भटनागर ने बताई आगे की रणनीति सामाजिक कार्यकर्ता अमित भटनागर ने कहा कि आंदोलन पूरी तरह संवैधानिक तरीके से जारी रहेगा। उन्होंने कहा प्रशासन की सकारात्मक पहल का स्वागत है, लेकिन महिलाओं, दलितों, किसानों एवं दिव्यांग साथियों पर हुई कथित बर्बरता की निष्पक्ष जांच आवश्यक है।

सकारात्मक संवाद जारी रहेगा, लेकिन दमन बर्दाश्त नहीं होगा — अमित भटनागर

अमित भटनागर ने स्पष्ट कहा कि कलेक्टर के साथ सकारात्मक बातचीत जारी रहेगी और ग्रामीण प्रशासन की कार्यवाही पर लगातार निगरानी रखेंगे। शासन को परियोजना प्रभावितों का सहयोग मिलता रहेगा, लेकिन यदि किसी भी प्रकार से आंदोलन का दमन करने या महिलाओं पर बल प्रयोग जैसी घटनाएं दोहराई गईं तो इसे किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। पार्षद दिव्या अहिरवार ने सुनाई महिलाओं पर लाठीचार्ज की घटना दिव्या अहिरवार ने बताया कि उस रात महिलाएं बच्चों के साथ शांतिपूर्वक भोजन बना रही थीं। इसी दौरान राहुल अहिरवार के साथ कथित मारपीट और पानी डालने की घटना हुई जिससे अफरा-तफरी मच गई। इसके बाद पुलिस बल पहुंचा और महिलाओं को कथित रूप से लाठियों से पीटते हुए कई किलोमीटर तक खदेड़ा गया। उन्होंने कहा ग्रामीण हमेशा प्रशासन को अपना संरक्षक मानते रहे, पर उस रात प्रशासन का बेहद



ज़ालिम रूप देखने को मिला। दूसरे दिन भी चला दमन

हरिदास अहिरवार ने आरोप लगाया कि आंदोलन के अगले दिन सुबह किशनगढ़ थाना प्रभारी कमलजीत सिंह मवई ने रास्ते में रोककर धमकाया तथा जिस पैर से वे विकलांग हैं उसी पैर में लात मारकर कथित मारपीट की। दिव्यांग भी हुये सितम के शिकार पैर से दिव्यांग पुरुषोत्तम के अलावा दोनों आंखों से दिव्यांग पुरुषोत्तम अहिरवार ने प्रताड़ना की कहानी सुनाते हुये कहा कि शांतिपूर्ण समर्थन के बावजूद उन्हें कथित रूप से चांटे मारकर प्रताड़ित किया गया और डर का माहौल बनाया गया। दलित युवक से मारपीट और जातिसूचक गाली राहुल अहिरवार ने कहा कि वे लोगों से शांति बनाए रखने की अपील कर रहे थे, लेकिन कथित रूप से तहसीलदार बिजावर अभिनव शर्मा ने जातिसूचक गालियां दीं तथा पुलिसकर्मियों ने लाठियों से मारपीट की। उन्होंने बताया कि वे किसी तरह पुलिस वाहन से कूदकर जान बचा पाए। पत्रकारिता छात्र पवन कुमार पटेल ने बताई हिरासत और मोबाइल डेटा डिलीट करने की बात पवन पटेल ने कहा कि रिपोर्टिंग के दौरान उनका मोबाइल छीना गया, थाने ले जाकर 24 घंटे से अधिक रोका गया, मोबाइल का डेटा डिलीट किया गया तथा बेल्ट और डंडों से मारपीट की गई। पूना बाई आदिवासी पलकोहा,हल्की आदिवासी, महेश आदिवासी, बेटी बाई आदिवासी, रज्जू आदिवासी, सुंदरी आदिवासी, नत्थू ओमरे, हरिदास अहिरवार कदवारा, आशीष यादव पलकोहा, भूरा आदिवासी मैनारी आदि ने भी अपनी चोटों दिखती हो उसे रात के सितम के दर्द को मीडिया के सामने साझा किया। एक सैकड़ा से अधिक घायल, कई वाहनों के कांच टूटे प्रेस वार्ता में बताया गया कि घटना में कई वाहनों के कांच टूटे तथा लगभग एक सैकड़ा से अधिक लोग घायल हुए हैं जिसमें ज्यादातर महिलाएं हैं।

# सांची विधानसभा को बजट में 50 करोड़ की 4 सड़कों की ऐतिहासिक सौगात: डॉ. प्रभुराम चौधरी ने मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री एवं सांसद, वित्त मंत्री एवं लोक निर्माण मंत्री का जताया आभार

**हल्केवीर सूर्यवंशी संभागीय संवाददाता**

**रायसेन।** मध्य प्रदेश शासन के चालू बजट सत्र में सांची विधानसभा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास हेतु करोड़ों रुपये के महत्वपूर्ण प्रावधान किए जाने पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं सांची विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, केंद्रीय मंत्री एवं विदिशा संसदीय क्षेत्र के सांसद शिवराज सिंह चौहान, वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा तथा लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया है। डॉ. प्रभुराम चौधरी ने कहा कि यह बजट प्रदेश की समग्र प्रगति के साथ-साथ सांची विधानसभा क्षेत्र की विकासात्मक आवश्यकताओं को पूर्ण करने वाला है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन सरकार अपने विकास संकल्प को धरातल पर उतारते हुए आधारभूत संरचना को सुदृढ़ बनाने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि बजट में सांची विधानसभा क्षेत्र की प्रमुख सड़कों के निर्माण एवं उन्नयन के लिए उल्लेखनीय राशि स्वीकृत की गई है। इसमें-

भोपाल-सागर मार्ग से काठसेमरा, बरामद सौंथर एवं सौंथर से अहमदपुर मार्ग हेतु 40 करोड़ रुपये,

कढैया हनुमान मंदिर से तिजालपुर मार्ग के लिए 4.31 करोड़ रुपये,

ब्लॉक गैरतगंज अंतर्गत जुझारपुर से उटकटा मार्ग हेतु 3.00 करोड़ रुपये,

तथा सेमरा से बेलनागढ़ी सड़क निर्माण



के लिए 1.93 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

उन्होंने कहा कि ये सभी परियोजनाएँ सांची विधानसभा के विकास में मील का पत्थर सिद्ध होंगी। नई सड़कों के निर्माण से जहां आवागमन सुगम एवं सुरक्षित होगा, वहीं ग्रामीण अंचलों में व्यापार, कृषि, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को भी नई गति मिलेगी।

डॉ. चौधरी ने क्षेत्रवासियों को बधाई देते हुए कहा कि एक जनप्रतिनिधि एवं पार्टी कार्यकर्ता के रूप में उनका सदैव प्रयास रहा है कि विकास की रोशनी सांची के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री एवं सांसद, वित्त मंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री का यह सहयोग सांची विधानसभा के प्रति राज्य सरकार की संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

उन्होंने आश्वस्त किया कि संगठन और सरकार के बेहतर समन्वय से सांची विधानसभा को विकास के मानकों पर प्रदेश की अग्रणी विधानसभा बनाया जाएगा।

# बूचड़खाने ले जा रहे 21 मवेशियों से भरा ट्रक पुलिस ने पकड़ा, 3 आरोपी गिरफ्तार

**शहडोल**

गोहपारू पुलिस ने बूचड़खाने ले जाए जा रहे मवेशियों से भरे ट्रक को पकड़कर पशु तस्करी का भंडाफोड़ किया है। गुरुवार तड़के करीब 5 बजे थाना क्षेत्र के फॉरेस्ट बेरियल के पास की गई इस कार्रवाई में पुलिस ने लगभग 21 नग मवेशियों को मुक्त कराया और तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। ट्रक अनूपपुर जिले से उत्तर प्रदेश की ओर जा रहा था, जिसे पहले ही रोक लिया गया।

पुलिस के अनुसार, बुधवार देर रात मुखबिर से सूचना मिली थी कि उत्तर प्रदेश पासिंग एक ट्रक में अवैध रूप से मवेशियों की तस्करी की जा रही है। मुखबिर ने वाहन का नंबर और रंग भी बताया। सूचना मिलते ही पुलिस ने रणनीति बनाकर फॉरेस्ट



बेरियल के पास बेरियर बंद कराया और आगे एक निजी ट्रक खड़ा कर मार्ग अवरुद्ध कर दिया। जैसे ही संदिग्ध ट्रक वहां पहुंचा, उसे रोककर तलाशी ली गई।

तलाशी के दौरान ट्रक में ठूंस-ठूंसकर भरे गए लगभग 21 मवेशी पाए गए। मौके पर डायल 112 के दो वाहन और थाने से अतिरिक्त पुलिस बल मौजूद रहा। पुलिस को देखकर आरोपी भागने की फिराक में थे, लेकिन पहले से की गई घेराबंदी के कारण वे सफल नहीं हो सके। चालक सहित दो अन्य आरोपियों को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया।

पुलिस का कहना है कि बरामद मवेशियों को बूचड़खाने ले जाया जा रहा था। सभी मवेशियों को सुरक्षित निकालकर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर पूछताछ जारी है। पुलिस अब इस गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की तलाश में जुटी है। गौरतलब है कि एक दिन पहले ही झींक बिजुरी चौकी पुलिस ने जंगलों के रास्ते पैदल मवेशियों की तस्करी करते एक आरोपी को गिरफ्तार कर 6 नग मवेशियों को तस्कर के कब्जे से मुक्त कराया

# थाने के रिकॉर्ड से लेकर घटनास्थल तक एसपी संतोष कोरी की सघन जांच

**सीधी /कुसमी**

कुसमी में हत्या प्रकरण की जमीनी पड़ताल,थाने के रिकॉर्ड से लेकर घटनास्थल तक एसपी संतोष कोरी की सघन जांच, न्यायालयीन प्रक्रिया तेज करने के निर्देश एमपी के सीधी जिले के कुसमी विकासखंड में चर्चित पुजारी हत्या प्रकरण को लेकर पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी ने बुधवार की रात विस्तृत निरीक्षण कर जांच की दिशा और गति का जायजा लिया। जहा एसपी रात लगभग 10 बजे कुसमी पहुंचे और करीब 11 बजे तक थाने में रिकॉर्ड की विधिवत जांच के साथ-साथ घटनास्थल, आरोपी के घर तथा संबंधित मंदिर का भी निरीक्षण किया।वही इस दौरान उन्होंने विवेचना से जुड़े दस्तावेजों, केस डायरी और साक्ष्यों की स्थिति का बारीकी से परीक्षण किया। जहा निरीक्षण के दौरान मृतक पुजारी के परिजन भी थाने पहुंचे और एसपी से सीधे संवाद कर अपनी बात रखी। परिजनों ने निष्पक्ष व त्वरित कार्रवाई की अपेक्षा जताई, जिस पर एसपी ने उन्हें आश्वस्त करते हुए कहा कि पुलिस हर पहलू पर गंभीरता से काम कर रही है और न्याय सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक सभी प्रक्रियाएं समयबद्ध तरीके से पूरी की जा रही हैं। जहा मौके पर मौजूद अन्य ग्रामीणों ने भी एसपी से बातचीत कर मामले की प्रगति को लेकर जिज्ञासा व्यक्त की। जहा एसपी संतोष कोरी ने बताया कि हत्या प्रकरण की जांच किस चरण में है, अब तक क्या प्रगति हुई है और आगे किस प्रकार की प्रक्रिया अपनाई जा रही है इन सभी बिंदुओं के मूल्यांकन हेतु वे कुसमी पहुंचे थे। उन्होंने स्पष्ट किया कि मर्डर से संबंधित समस्त रिकॉर्ड व साक्ष्य न्यायालयीन प्रक्रिया के तहत शीघ्र प्रस्तुत किए जाएंगे, ताकि विधिक कार्यवाही में किसी प्रकार की देरी न हो। निरीक्षण के दौरान एसपी ने संबंधित अधिकारियों को जांच में शुद्धता, पारदर्शिता और समयसीमा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश भी दिए। वही इसके अतिरिक्त, एसपी ने तहसील लाइन से जुड़ी हालिया घटना का भी निरीक्षण कर आवश्यक जानकारी एकत्रित की और कानून-व्यवस्था के दृष्टिकोण से सतर्कता बरतने के निर्देश दिए।गौरतलब है कि पुजारी की हत्या कुछ दिन पहले हुई थी, जिसे लाला केवट द्वारा अंजाम दिया गया था।

# ग्राम बसरोही (रैदासपुरा) में खेल मैदान की मांग पर विधायक जी का त्वरित संज्ञान, ग्रामवासियों ने एसडीएम बिजावर को सौंपा ज्ञापन

**बिजावर/छतरपुरः**

छतरपुर जिले की बिजावर तहसील के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत एरोरा के ग्राम बसरोही (रैदासपुरा) के युवाओं और बच्चों के शारीरिक विकास हेतु लंबे समय से एक खेल मैदान (Sports Ground) की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। ग्रामवासियों द्वारा इस संबंध में क्षेत्रीय माननीय विधायक महोदय के समक्ष खेल मैदान की मांग रखी गई, जिस पर उन्होंने युवाओं के हित को ध्यान में रखते हुए त्वरित संज्ञान लिया।

माननीय विधायक जी ने तत्काल कार्रवाई करते हुए हल्का पटवारी श्री पतपारस अहिरवार जी को उपयुक्त भूमि के निरीक्षण के सख्त निर्देश दिए। पटवारी महोदय द्वारा मौके पर जाकर किए गए निरीक्षण में, जटाशंकर रोड पर स्थित शासकीय भूमि (खसरा क्रमांक 02) को खेल मैदान के लिए पूर्णतः उपयुक्त पाया गया है।




इस सकारात्मक पहल के बाद, समस्त ग्रामवासियों ने एकजुट होकर श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) महोदय, तहसील बिजावर को एक औपचारिक पत्र/ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन के माध्यम से ग्रामवासियों ने प्रशासन से सर्वसम्मति से यह मांग की है कि-

उपरोक्त शासकीय भूमि (खसरा नं. 02) पर यदि कोई अवैध अतिक्रमण है, तो उसे तत्काल हटाया जाए।

उक्त भूमि को ग्राम के बच्चों और युवाओं के लिए %खेल मैदान% के रूप में विधिवत आवंटित किया जाए।

ग्रामवासियों का कहना है कि खेल मैदान बनने से न केवल ग्राम का विकास होगा, बल्कि शासकीय संपत्ति भी सुरक्षित रह सकेगी। युवाओं की इस अहम मांग को सुनने और उस पर तत्काल कदम उठाने के लिए समस्त ग्रामवासियों ने माननीय विधायक महोदय का हृदय से आभार व्यक्त किया है।




प्रशासन से भी इस विषय पर त्वरित कार्रवाई करते हुए उचित आदेश पारित करने की अपेक्षा की गई है।

**जारीकर्ता:**

**समस्त ग्रामवासी**
**ग्राम बसरोही (रैदासपुरा), तहसील बिजावर, जिला छतरपुर**

## अहिरवार समाज जिला राजगढ़ के मुकेश अहिरवार ने दमोदर यादव मंडल को शहीद वीर मनीराम अहिरवार को सम्मान दिलाने हेतु पत्र दिया त्वरित हुई कार्यवाही

**मूलचन्द मेधोनिया पत्रकार भोपाल**

नरसिंगढ। राजगढ़ अहिरवार समाज जिला राजगढ़ के वरिष्ठ समाजसेवी एवं पत्रकार मुकेश अहिरवार है। जो कि सामाजिक मुद्दों को शासन प्रशासन के पास पुरजोर उठाते रहते है। उन्होंने एक ऐसा महत्वपूर्ण बात को उठाई है वह अहिरवार समाज ही नहीं पूरी बहुजन समाज के लिए गौरव की बात है। स्मरणीय हो की अहिरवार समाज के महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी चीचली तहसील गाडरवारा जिला नरसिंहपुर के थे। जिन्होंने 1942 में अंग्रेजों से मुकाबला किया और उन्हें गांव से खदेड़ कर आजादी के आंदोलन में बहुत ही सराहनीय कार्य किया था। जिन्हें अभी तक की सरकारों ने अनदेखी करते हुए सम्मान से वंचित रखा है। उनकी उपेक्षा कर अहिरवार समाज के गौरवशाली इतिहास को दबाने का प्रयास किया है। मुकेश अहिरवार ने आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय कोर कमेटी के सदस्य एवं दलित पिछड़ा समाज संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष दमोदर यादव मंडल को उनकी संकल्प यात्रा नरसिंगढ के आगमन होने पर उनको शहीद वीर मनीराम अहिरवार जी के सम्मान दिलाने हेतु और उनकी आवाज



उठाने को लेकर एक पत्र सौंपा। दमोदर यादव मंडल ने उक्त मांग पत्र को प्राप्त होतें ही अपनी ओर से तत्परता से कार्यवाही करते हुए उक्त मांग को नरसिंगढ अनु विभागीय अधिकारी को को दिया। जो कि मध्यप्रदेश सरकार के लिए भेजने हेतु दिया गया है। यादव मंडल जी ने सरकार से अपेक्षा की है कि वह हमारी बहुजन समाज के महान क्रांतिकारी वीर मनीराम अहिरवार जी को सम्मान देते हुए पत्र में सामाजिक नागरिकों द्वारा की जा रहीं सभी मांगों को शीघ्र पूरी करते हुए समाज को गौरवान्वित किया जाये। दमोदर यादव मंडल ने बताया है कि हमारे महापुरुषों के सम्मान की लड़ाई मैं और हमारे संगठन के माध्यम से हमेशा उठेंगी।

## मध्यप्रदेश का आगामी बजट व्यापार और उद्योग को नई दिशा देने वाला होना चाहिए ( दीपक सेठी )

**जबलपुर।** कैट संभागीय अध्यक्ष दीपक सेठी ने बताया कि प्रदेश के अग्रिम बजट से हम जबलपुर एवं महाकौशल क्षेत्र के व्यापारियों को राज्य के बजट से बहुत उम्मीद है,जिसमें कि व्यापार करना और सरल बनाया जाए सहित पूरे क्षेत्र की प्रमुख मांग है कि 卐एक राज्य-एक लाइसेंस卐- व्यवस्था लागू हो, जिससे व्यापारियों को अनावश्यक प्रक्रियाओं से राहत मिले। बंद पड़ी औद्योगिक इकाइयों को पुनर्जीवित करने के लिए विशेष पैकेज लाया जाए ताकि स्थानीय स्तर पर रोजगार बढ़ सके। एम एस एम ई और छोटे व्यापारियों को सस्ती पूंजी, सरल नियम और तकनीकी सहायता दी जाए। सरकार द्वारा जो उद्योगों में सब्सिडी दी जाती है उसकी समय सीमा निर्धारित हो सब्सिडी की रकम मिलने पर उद्योगों मालिकों को 6 महीने 1 साल तक का इंतजार करना पड़ता है जिससे उनकी पूंजी फस जाती है, ऐसी औद्योगिक नीति बने जिससे बड़े निवेश संभागीय शहरों तक आएं और युवाओं को अपने ही क्षेत्र में रोजगार मिले।

## शिवरात्रि के महापर्व पर मेहगांव मंडी प्रांगण में सहारा हॉस्पिटल द्वारा निशुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर संपन्न

16 फरवरी 2026 को सहारा हॉस्पिटल, सोफिया कॉलेज कैंपस, महलगांव सिटी सेंटर ग्वालियर द्वारा जिला भिंड के मेहगांव स्थित मंडी प्रांगण में शिवरात्रि के अवसर पर लगने वाले विशाल मेले में निशुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। ज्ञात हो कि इस मेले में लगभग 50,000 से 1 लाख तक श्रद्धालु एवं सैलानी पहुंचते हैं। इस दिन कांवड़ चढ़ाने के साथ-साथ अनेक सगाई एवं वैवाहिक संबंध भी संपन्न होते हैं। मेले में अपार भीड़ रहती है और आवागमन के लिए भी पर्याप्त स्थान नहीं रहता। सहारा हॉस्पिटल के संचालक एवं सुप्रसिद्ध नाक-कान-गला रोग विशेषज्ञ डॉ. ए. एस. भल्ला के मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर में सैकड़ों लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच कराई। शिविर में नेत्र परीक्षण भी किया गया तथा मरीजों को निशुल्क आई ड्रॉप एवं चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया गया। कुछ मरीजों में मोतियाबिंद की समस्या पाई गई। शिविर में आए मरीजों को डॉक्टर द्वारा लिखी गई दवाइयों का निशुल्क वितरण किया गया। यह शिविर प्रातः 9꞉00 बजे से सायं 5꞉00 बजे तक संचालित रहा। मरीजों की भारी भीड़ के बीच गंभीर रोगियों का पंजीयन किया गया तथा उन्हें आगे के उपचार हेतु सहारा हॉस्पिटल आने की सलाह दी गई। कुछ गंभीर मरीजों को सहारा हॉस्पिटल की एंबुलेंस द्वारा अस्पताल लाकर भर्ती किया गया, जहां उनका उपचार जारी है। आज कुछ मरीजों के नेत्र ऑपरेशन भी सफलतापूर्वक संपन्न हुए। सहारा हॉस्पिटल ग्वालियर-चंबल संभाग की जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के उद्देश्य से तहसील, ब्लॉक एवं जिला स्तर के साथ-साथ कस्बों और बड़े गांवों में नियमित रूप से स्वास्थ्य शिविर आयोजित करता रहा है। क्षेत्र के सामाजिक एवं बुद्धिजीवी वर्ग का भी इसमें महत्वपूर्ण सहयोग रहता है। अगला स्वास्थ्य शिविर साई




कॉलोनी, गुड़ा लश्कर में दिनांक 18 फरवरी (बुधवार) को प्रातः 10꞉00 बजे से दोपहर 2꞉00 बजे तक आयोजित किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि सहारा हॉस्पिटल एक मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल है, जहां 24 घंटे इमरजेंसी सुविधा उपलब्ध है। अस्पताल में अत्याधुनिक उपकरणों से सुसज्जित ऑपरेशन थियेटर एवं ट्रॉमा सेंटर की सुविधा भी उपलब्ध है। बाहरी एवं भर्ती मरीजों के साथ-साथ उनके अटेंडरों को भी लंगर के माध्यम से निशुल्क भोजन उपलब्ध कराया जाता है। पथरी सहित विभिन्न प्रकार की सर्जरी उचित एवं किफायती दरों पर की जाती है। आयुष्मान योजना के अंतर्गत निशुल्क उपचार तथा एमएलसी की सुविधा भी उपलब्ध है। मरीजों के लिए एंबुलेंस की व्यवस्था भी की गई है। पूर्व में सहारा हॉस्पिटल 19-ए, बसंत विहार ग्वालियर में स्थित था, जो वर्ष 2022-23 से सोफिया कॉलेज कैंपस, महलगांव सिटी सेंटर ग्वालियर में स्थानांतरित होकर जीवाजी विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार पर राजमाता विजयाराजे सिंधिया की प्रतिमा के समीप संचालित हो रहा है। शिविर में लाभान्वित मरीजों ने सहारा हॉस्पिटल एवं चिकित्सा टीम की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। सहारा ट्रस्ट एवं सहारा समिति द्वारा आयोजित इन शिविरों में बड़ी संख्या में मरीज लाभान्वित हो रहे हैं। सहारा हॉस्पिटल पिछले 35 वर्षों से ग्वालियर-चंबल संभाग में निरंतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर रहा है।

## डंकापति फाइल्स

पंद्रह लाख का जुमला सुनाता और ये
पनौती सत्ता पाता !देश - विदेश में
घूमता - फिरता । और कालेधन के
किस्से कहता !
विपक्षियों को भ्रष्टाचारी बताता
वाशिंग मशीन से दाग मिटाता !
कभी नॉटबंदी की घोषणा करता !
कभी रात को जीएसटी लगाता !
जानबूझकर पुलवामा करवाता !
फ़िर शहीदों के नाम वोट मंगवाता।
कभी अचानक लॉकडाउन लगाता,
ताली - थाली से कोरोना भगाता !
स्कूलों को तो बंद करवाता,
शराब के ठेके खुलवाता !
कभी तीन काले कृषि कानून लाता।
साढ़े सातसौ किसानों की बलि लेता !
कभी खिलाड़ियों संग फोटो
खिंचवाता।
कभी पहलवानों को सड़क पे
घसीटवाता !
सोनम वांगचुक को जेल में डालता।
और रामरहीम को पैरोल दिलाता !
कभी हिंदू - मुस्लिम करवाता।
कभी अगड़ा - पिछड़ा करवाता।
और सबको आपस में लड़वाता !
हिंदुओं को हमेशा खतरे में बताता ।
फिर भी हिंदू हृदय सम्राट कहाता !
कभी नाली से गैस बनाता,
कभी बादलों में रडार छिपाता
फिर भी भक्तों से पीठ थपथपाता !
मणिपुर में गोधरा दोहराता।
मन की बात सुनाता फिरता
पर मणिपुर कभी न जाता !
राममंदिर का उद्घाटन करता
स्वघोषित धर्माचार्य बनता।
खुद को नॉन बायोलॉजिकल बताता
कभी तपस्या में लीन हो जाता !
कभी इलेक्टोरल बॉन्ड लाता
पीएम केयर का हिसाब छिपाता।
घोड़ों की भांति विधायक खरीदता।
जनमत झुठलाके सरकार बनाता।
केंचुआ से वोट चोरी करवाता।
लोकतंत्र का चीरहरण करता।
कभी रामजी को उंगली पकड़ चलाता
कभी पतंग पे हनुमानजी को उड़ाता !
ईडी सीबीआई को आगे करता
और विपक्षी नेताओं को डराता।
मंगलसूत्र छीनने का डर फैलाता
और जनता को भयभीत करता ।
रेल को हरी झंडी भी स्वयं दिखाता
पर कोई जिम्मेदारी कभी नहीं लेता !
प्रतिवर्ष परीक्षा पे चर्चा करता
पर कभी प्रेस कॉन्फ्रेंस नहीं करता !
केरला फाइल्स का प्रमोशन करता
पर ऐप्स्टीन फाइल्स पे चुप्पी साधता।
ट्रंप के सामने सरेंडर करता
पर डील की शर्ते नहीं बताता।
सब प्रधानमंत्रियों को गाली देता
खुद को गाली मिले तो रोने लगता
और झोला उठाने की धमकी देता !
सौ बात की एक बात
ये मोदी नहीं मदारी है,
ये आसाराम का चेला
बस झांसाराम ही है।

भावना मंगलमुखी

# जिला स्तरीय ओलंपियाड प्रतियोगिता से चयनित विद्यार्थियो को कलेक्टर ने किया सम्मानित

## सफलता का कोई शार्टकट नहीं,मेहनत ही सफलता की कुंजी - कलेक्टर

**उमरिया।**

शिक्षा ही विकास के व्दार खोलती है। शिक्षित व्यक्ति की चहुंओर प्रशंसा होती है। सफलता का कोई शार्टकट नहीं होता है मेहनत ही सफलता की कुंजी है इसलिए आवश्यक है कि सभी बच्चे मेहनत करें और निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति के लिए संघर्ष करें। उक्त आशय के विचार कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने कलेक्टर सभागार में आयोजित जिला स्तरीय ओलंपियाड प्रतियोगिता से राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित विद्यार्थियो को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।






उन्होंने कहा कि 16 हजार बच्चों के ओलंपियाड प्रतियोगिता में रजिस्ट्रेशन कराने के बाद विभिन्न स्तरों पर परीक्षा पास करते हुए 32 बच्चे चयनित हुए है, जो बधाई के पात्र है । जो बच्चे चयनित नही हो पाए है, वे निराश नही हो। उन्होने कहा कि सभी बच्चे अपने लक्ष्य का निर्धारण करें , और उसी अनुरूप तैयारी करेंगे तो निश्चित रूप से सफलता मिलेगी । उन्होने अभिभावको से अपील करते हुए कहा कि अपने बच्चो को खूब पढाए। अभिभावक अपने बच्चो पर अपनी इच्छा का दबाव नही डालें । प्रत्येक बच्चे में कोई न कोई प्रतिभा विद्यमान है, बच्चो को जिस क्षेत्र में रूचि है, उसी क्षेत्र में मेहनत करने दें और अपनी सफलता की इबारत लिखने दें । इन बच्चो में कोई खिलाड़ी, कोई डाक्टर,कोई इंजीनियर बन सकता है। आपने सभी बच्चो को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। जिला परियोजना समन्वयक के के डेहरिया ने बताया कि ओलंपियाड प्रतियोगिता में 16242 बच्चो ने ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराया था। जन शिक्षा केंद्र स्तरीय परीक्षा में 16242 बच्चों में से 14687 बच्चों ने परीक्षा दी जिसमें 2118 विद्यार्थी चयनित किए गए । जिला स्तरीय प्रतियोगिता में 2118 में से 1987 बच्चे शामिल हुए जिसमें से 32 बच्चो का चयन किया गया । जिन्हें जिला स्तरीय ओलंपियाड प्रतियोगिता कार्यक्रम समारोह में सम्मानित किया गया । सम्मानित होने वाले बच्चो में कक्षा 2 एवं 3 मे हिंदी, गणित, कक्षा 4 एवं 5 मे हिंदी, अंग्रेजी, गणित एवं पर्यावरण , कक्षा 6 एवं 8 में हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत, विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान , मार्गदर्शी शिक्षक शामिल है । इस अवसर पर विभिन्न स्कूलों के बच्चे,शिक्षक, अभिभावक उपस्थित रहे।कार्यक्रम का सफल संचालन श्री सुशील मिश्रा ने किया।

# होली का रंग सिर्फ गुलाल के ही नहीं, बल्कि खुशहाली के भी होंगे इंजी. रवि पाण्डेय

**जांजगीर-चांपा।**

भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता इंजी. रवि पाण्डेय ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता मे कैबिनेट मे लिए गए ऐतिहासिक निर्णय का स्वागत किया स्वागत करते हुए कहा कि राज्य के लाखों किसानों को होली पर्व से पहले धान की अंतर राशि (3100 रूपये प्रति क्विंटल के मान से) एकमुश्त भुगतान करने के फैसले को ऐतिहासिक और किसान हितैषी बताया है। भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता इंजी. पाण्डेय ने कहा कि कैबिनेट के निर्णय अनुसार, राज्य के 25 लाख 24 हजार 339 किसानों को होली के पावन पर्व से पहले अंतर की राशि का भुगतान किया जाएगा. खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 मे प्रदेश मे रिकार्ड 141.04 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई है। सरकार केवल धान नहीं खरीद रही है बल्कि किसानों के पसीने की एक-एक दाना की कीमत चुकाकर उनके पुरूषार्थ का सम्मान कर रही है। मुख्यमंत्री साय के नेतृत्व वाली सरकार ने यह सिद्ध कर दिया है कि प्रदेश का अन्नदाता ही



सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। होली से पहले एकमुश्त भुगतान का निर्णय किसानों के जीवन में न केवल आर्थिक संबल लाएगा, बल्कि उनके उत्सव के उल्लास को दोगुना कर देगा। किसानों की मुस्कान ही सरकार की सबसे बड़ी पूंजी है। भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता इंजी. पाण्डेय ने कहा कि पिछली सरकारों के विपरीत साय सरकार ने किसानों को किस्तों के इंतजार से मुक्ति दिलाकर 3100 रूपये प्रति क्विंटल का वादा निभाकर अपनी विश्वसनीयता पर मुहर लगाई है। भाजपा प्रदेश किसान मोर्चा इस निर्णय के लिए मुख्यमंत्री और पूरी कैबिनेट का आभार व्यक्त करता है। यह कदम छत्तीसगढ़ को कृषि प्रधान से कृषि समृद्ध राज्य बनाने की दिशा मे मील का पत्थर साबित होगा।



# यह जिला पंचायत ने निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

**उमरिया।**

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभय सिंह ने जनपद पंचायत पाली एवं जनपद पंचायत करकेली अंतर्गत चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया । ग्राम पंचायत कुरकुचा एवं टकटई में अटल सुशासन भवन, सुंदरदादर में एक बगिया माँ के नाम योजना तथा कल्दा में नवीन आंगनवाड़ी भवन निर्माण कार्य का अवलोकन कर गुणवत्ता बनाए रखते हुए निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। इसी क्रम में जनपद पंचायत करकेली अंतर्गत क्लस्टर बिल्डिंग (पंचायत भवन) का भी निरीक्षण किया गया तथा कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। साथ ही सुंदरदादर की शासकीय उचित मूल्य दुकान का निरीक्षण कर प्राप्त शिकायत के संबंध में आपूर्ति एवं वितरण व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया । निरीक्षण के दौरान सहायक यंत्री जनपद पंचायत करकेली ऋषभ शुक्ला, सहायक यंत्री जनपद पंचायत पाली टी.बी. सिंह, उपयंत्री रश्मि द्विवेदी, संबंधित ग्रामों के सरपंच-सचिव सहित समस्त पंचायत अमला उपस्थित रहा।

# UGC (विश्वविद्यालय अनुदान आयोग) के समर्थन में मे आजाद समाज पार्टी व भीम आर्मी का विशाल जनआंदोलन रैली एवं धरना-प्रदर्शन

## जिला प्रशासन को सौंपा गया ज्ञापन, आयोग को और अधिक सशक्त बनाने की मांग

**संवाददाता - राजू राय**






शहडोल। आज़ाद समाज पार्टी (कांशीराम) शहडोल, भीम आर्मी तथा मूलनिवासी संघ के संयुक्त तत्वावधान में (त्रष्ट) विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के समर्थन में एक विशाल जनआंदोलन रैली एवं धरना-प्रदर्शन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पदाधिकारी, कार्यकर्ता, छात्र-छात्राएं तथा सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। रैली नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए कलेक्ट्रेट परिसर पहुंची, जहां शांतिपूर्ण ढंग से धरना-प्रदर्शन किया गया। इसके उपरांत प्रतिनिधिमंडल द्वारा जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में आयोग की स्वायत्तता बनाए रखने तथा उसे और अधिक अधिकार एवं संसाधन उपलब्ध कराने की मांग की गई। धरना-प्रदर्शन को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग देश की उच्च शिक्षा व्यवस्था का प्रमुख स्तंभ है। आयोग विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता बनाए रखने, पाठ्यक्रमों के मानक निर्धारित करने, शोध कार्यों को प्रोत्साहित करने तथा विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति एवं आर्थिक सहायता प्रदान करने का महत्वपूर्ण कार्य करता है। उन्होंने कहा कि आयोग की भूमिका को कमजोर करना देश के विद्यार्थियों के भविष्य के साथ अन्याय होगा। वक्ताओं ने यह भी कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में पारदर्शिता, समान अवसर और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए आयोग को सशक्त बनाना आवश्यक है। साथ ही उच्च शिक्षा में व्याप्त चुनौतियों के समाधान हेतु ठोस कदम उठाने और गरीब, वंचित एवं पिछड़े वर्ग के विद्यार्थियों के हितों की रक्षा करने की मांग की गई। कार्यक्रम के दौरान प्रमुख पदाधिकारी एक साथ उपस्थित रहे। इनमें कैलाश कुमार अहिरवार (जिलाध्यक्ष, आज़ाद समाज पार्टी शहडोल), अधिवक्ता कन्हैया लाल बौद्ध एवं राजू राय (जिला उपाध्यक्ष, आज़ाद समाज पार्टी शहडोल), सुनील रैदास (जिला मीडिया प्रभारी, आज़ाद समाज पार्टी (कांशीराम) शहडोल), राजेश कुशवाहा (जिला संयोजक, भीम आर्मी), राजकुमार शाहू (प्रदेश सचिव, भीम आर्मी), राम सजीवन कोल (प्रदेश संगठन मंत्री, भीम आर्मी), गोलू बौद्ध (खंड संयोजक, जयसिंहनगर ङ्क भीम आर्मी) तथा बाबू बौद्ध (खंड सचिव, जयसिंहनगर ङ्क भीम आर्मी) प्रमुख रूप से शामिल रहे।

इसके अतिरिक्त आज़ाद समाज पार्टी के जिला उपाध्यक्ष गेंद लाल साहू एवं कार्यकर्ता कामता प्रसाद सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम में भाग लेकर आंदोलन को समर्थन प्रदान किया।

धरना-प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने शिक्षा की मजबूती और आयोग की स्वायत्तता के समर्थन में नारे लगाए। कार्यक्रम पूर्णतः शांतिपूर्ण और अनुशासित वातावरण में संपन्न हुआ। प्रशासनिक अधिकारियों ने ज्ञापन प्राप्त कर संबंधित स्तर तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। अंत में प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि यदि विद्यार्थियों और उच्च शिक्षा से जुड़े मुद्दों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो भविष्य में व्यापक स्तर पर आंदोलन किया जाएगा। कार्यक्रम का समापन शांतिपूर्ण वातावरण में किया गया।

# अज्ञात असामाजिक तत्वों ने दुकान में लगाई आग, 8-10 लाख का सामान जलकर खाक, थाने में दर्ज हुई शिकायत




**कैलाश कुमार अहिरवार - सह संपादक (युवा प्रदेश)**

जयसिंहनगर/ग्राम पंचायत तेंदूडोल~ गुरुवार रात ग्राम पंचायत तेंदूडोल में एक बड़ी आगजनी की घटना सामने आई है। दुकानदार कमलेश रैदास की दुकान को अज्ञात लोगों ने निशाना बनाते हुए आग के हवाले कर दिया। इस घटना में पीड़ित दुकानदार को भारी आर्थिक क्षति पहुंची है। परिवार बहुत दुखी है और इस मामले में कमलेश ने सीधी थाना में शिकायत दर्ज कराई है।

असामाजिक तत्वों ने दुकान में लगाई आग

जानकारी के अनुसार, घटना 19-20 तारीख की देर रात की है जब पूरा गांव सोया हुआ था। अज्ञात शरारती तत्वों ने दुकान में आग लगा दी। आग इतनी भीषण थी कि जब तक आसपास के लोगों को भनक लगती और उस पर काबू पाने की कोशिश की जाती, तब तक दुकान में रखा अधिकांश सामान जलकर राख हो चुका था।

पीड़ित ने थाने में दर्ज कराई शिकायत

पीड़ित कमलेश ने बताया कि दुकान में रखे राशन के सामान, काउंटर और लाखों रुपये पूरी तरह नष्ट हो गए हैं। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार, इस आगजनी में लगभग 8 से 10 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। यह कमलेश के परिवार की जीविका का मुख्य साधन था। पीड़ित कमलेश ने तेंदूडोल सरपंच सुरेश सिंह और जनपद सदस्य पंकज पनिका के साथ सीधी थाना में जाकर मामला दर्ज करवाया है।

दुकान में आगजनी की घटना से ग्रामीणों में रोष

इस घटना के बाद से ही ग्रामीणों में गहरा आक्रोश व्याप्त है। लोगों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि दोषियों की जल्द से जल्द पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जाए। पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा दिलाया जाए। क्षेत्र में रात्रि गश्त बढ़ाई जाए ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दे दी गई है,

# 'बैटल ऑफ गलवान' ने असली सैनिकों की सीरीज की जारी




मुंबई । 'बैटल ऑफ गलवान' फिल्म के मेकर्स ने असली आर्मी वेटरन्स और उनके परिवारों की कहानियों से जुड़ी एक विशेष वीडियो सीरीज जारी की है, जो उन खामोश ताकतों को सम्मान देती है, जो हर सैनिक के पीछे चुपचाप खड़ी रहती हैं। इन वीडियो को साझा करते हुए मेकर्स ने लिखा कि 'बैटल ऑफ गलवान' उन परिवारों को सलाम करता है जिन्होंने हर पोस्टिंग, हर विदाई और हर वापसी को अपने दिल से जिया है। पहले वीडियो में तीसरी गोरखा राइफल्स के कर्नल महीप सिंह चड्ढा की बेटी मिसेज गानवी चड्ढा नज़र आती हैं। कर्नल चड्ढा 1965 और 1971 की जंग में शामिल रहे थे। मिसेज चड्ढा याद करती हैं कि कैसे उनके पति फील्ड एरिया में तैनात रहते थे और उनसे बात करने के लिए लोकल एक्सचेंज के जरिए कॉल बुक करनी पड़ती थी, जिसमें पूरा प्रोटोकॉल निभाना होता था।

वह बताती हैं कि परिवार उन्हें कितना याद करता था, खासकर उनका पसंदीदा खाना बनाते समय। जब वह छुट्टी लेकर घर लौटते थे, तो वही खाना साथ बैठकर खाने में एक अलग ही खुशी होती थी।

दूसरे वीडियो में 16 बिहार रेजिमेंट के लेफ्टिनेंट कर्नल जगदीप मनचंदा (रिटायर्ड) की पत्नी मिसेज सविंदर मनचंदा उन तनाव भरी यादों को साझा करती हैं, जब उनके पति की यूनिट को अरुणाचल प्रदेश के वांगचुक जनजाति वाले क्षेत्र में भेजा गया था। वह बताती हैं कि उस इलाके में लगातार खतरा बना रहता था। टेलीफोन लाइनें बहुत दूर थीं और आवाज भी साफ नहीं आती थी, लेकिन किसी भी तरह पति की आवाज सुन लेना उनके लिए बड़ा सुकून था।

तीसरे वीडियो में खुद रिटायर्ड लेफ्टिनेंट कर्नल जगदीप मनचंदा दिखाई देते हैं, जिन्होंने 1972 से 2003 तक देश की सेवा की। वह अपने 32 साल के आर्मी सफर को जिंदगी का सबसे अनमोल हिस्सा बताते हैं। गलवान घाटी के संघर्ष समेत कई कठिन ऑपरेशन्स को याद करते हुए उन्होंने भारतीय सेना और अपने साथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इन भावुक और प्रेरणादायक कहानियों के माध्यम से सलमान खान फिल्म्स न सिर्फ सैनिकों की बहादुरी को सम्मान दे रहा है, बल्कि उन परिवारों की कुर्बानियों को भी सलाम कर रहा है, जो हर वर्दी के पीछे की असल ताकत होते हैं।

सलमा खान के प्रोडक्शन और अपूर्व लाखिया के निर्देशन में बनी 'बैटल ऑफ गलवान' बहादुरी, बलिदान और मानवीय रिश्तों की गहराई को दर्शाने की कोशिश करती है। चित्रांगदा सिंह भी फिल्म में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं, जो कहानी को और प्रभावशाली बनाती है।

बता दें कि 'बैटल ऑफ गलवान' के टीज़र को मिली दर्शकों की शानदार प्रतिक्रिया के बाद सलमान खान फिल्म्स लगातार देशभक्ति की भावना को और मजबूत कर रहा है। हाल ही में रिलीज़ हुए इसके गाने 'मातृभूमि' और 'मैं हूँ' ने लोगों के दिलों में जोश और भावनाओं का एक नया उभार पैदा किया है।

# बिहार से आकर छत्तीसगढ़ में करते थे लूट व उठाईगिरी जांजगीर पुलिस ने किया पर्दाफाश, दो आरोपी गिरफ्तार

## छत्तीसगढ़ के 7 प्रकरणों में कुल 9 लाख 83 हजार रुपये की हुई थी लूट एवं उठाईगिरी

**जांजगीर-चांपा।**

जिले में दिनदहाड़े लूट की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए जांजगीर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अंतरराज्यीय लूट एवं उठाईगिरी गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने बिहार राज्य के कटिहार जिले के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जो छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में लूट व उठाईगिरी की वारदातों को अंजाम दे चुके थे। पुलिस के अनुसार आरोपियों द्वारा रायगढ़, कोरबा, अंबिकापुर, सारंगढ़ और जांजगीर सहित विभिन्न जिलों में कुल 7 प्रकरणों में लगभग 9 लाख 83 हजार रुपये की लूट एवं उठाईगिरी की गई थी। 13 फरवरी को ग्राम धरदेई निवासी प्रार्थी द्वारा थाना शिवरीनारायण में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि पामगढ़ स्थित भारतीय स्टेट बैंक से 2.5 लाख रुपये निकालने के बाद अज्ञात आरोपियों ने उसका पीछा कर रकम लूट ली। इस पर अपराध क्रमांक 61/2026 धारा 309(1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देश पर साइबर टीम गठित की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप एवं उप पुलिस अधीक्षक योगिताबाली खापर्डे के नेतृत्व में साइबर टीम ने घटनास्थल से लेकर जांजगीर-बिलासपुर मार्ग पर 150 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाले। तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों का सुराग बिलासपुर तक मिला। जांच के दौरान पुलिस ने पुराना बस स्टैंड बिलासपुर स्थित एक लॉज से दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे बैंक के अंदर जाकर अधिक रकम निकालने वाले बुजुर्गों और महिलाओं की रेकी करते थे। बाहर निकलते ही उनका पीछा कर सुनसान जगह पर लूट की वारदात को अंजाम देते थे। प्रार्थी को भ्रमित करने के लिए केंवाच (खुजली) पाउडर का भी इस्तेमाल किया जाता था।



आरोपियों से पुलिस ने किया समान जब्त - पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो मोटरसाइकिल, चार फर्जी आधार कार्ड, तीन कीपैड मोबाइल फोन, केंवाच पाउडर एवं 10,500 रुपये नगद जप्त किए हैं। दोनों मोटरसाइकिलें बिहार से चोरी कर फर्जी छत्तीसगढ़ नंबर प्लेट लगाकर उपयोग की जा रही थीं। पुलिस के अनुसार गिरोह द्वारा अंबिकापुर, रायगढ़, सारंगढ़ और कोरबा जिलों में भी लूट की कई वारदातों को अंजाम देना स्वीकार किया गया है। आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है, वहीं फरार आरोपियों की तलाश जारी है।

इन्होंने सुलझाई लूट की गुत्थी

इस पूरे अभियान में प्रभारी निरीक्षक सागर पाठक सायबर थाना, जांजगीर चाम्पा, रेंज साइबर थाना से उपनिरीक्षक हेमंत आदित्य एवं टीम थाना प्रभारी शिवरीनारायण निरीक्षक राजीव श्रीवास्तव सउनि राम प्रसाद बघेल तथा साइबर थाना जांजगीर चांपा ड्ड प्रआर. मनोज तिग्गा, प्र.आर. राजकुमार चन्द्रा, प्र.आर. विवेक सिंह, आर. गिरीश कश्यप, प्रदीप दुबे, रोहित कहरा, माखन साहू, श्रीकांत सिंह, प्रतीक सिंह, आशुतोष कर्ष एवं थाना शिवरीनारायण स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

पुलिस ने की आम जनता से अपील

01. बैंक से बड़ी रकम निकालने की जानकारी अनजान लोगों को न दें।

2. संभव हो तो ऑनलाइन ट्रांजैक्शन (RTGS/IMPS/UPI) का उपयोग करें।

03. बड़ी राशि निकालते समय विश्वसनीय व्यक्ति को साथ रखें।

04. बैंक के बाहर संदिग्ध गतिविधि पर सतर्क रहें। 05 . किसी के पीछा करने की आशंका हो तो तुरंत नजदीकी थाना या भीड़भाड़ वाले क्षेत्र में जाएं।

# थाना प्रभारी मड़ला ने यात्रियों को बांटी चॉकलेट और दी समझाइस

**पन्ना।** जिले के मड़ला थाना क्षेत्र अन्तर्गत बीच सड़क पर एक अलग ही नजारा देखने को मिला, जिसमें मड़ला थाना प्रभारी रचना पटेल अपने दल-बल के साथ सड़क पर गाड़ी रोककर चॉकलेट बांट रही थी। जब नजारा नजदीक से जाकर देखा तो कुछ



अलग ही निकला जो यातायात और सुरक्षा से जुड़ा हुआ था, जहाँ मोटरसाइकिल चालक को रोककर चॉकलेट और समझाइस दोनों बॉटी जा रही थी। देखने में आया कि पन्ना से मड़ला की ओर या फिर चन्द्रनगर से पन्ना आ रहे वाहनों को रोककर हेलमेट लगाने वालों और बड़े वाहनों में सीटबेल्ट लगाकर यातायात नियमों का पालन करने वालों को चॉकलेट बाटी जा रही थी। वहीं कुछ ऐसे लोग भी थे जो यातायात नियमों की अव्हेलना कर रहे थे उन पर कार्यवाही कर समझाइस दी जा रही थी। इस पर थाना प्रभारी ने कहा कि प्रत्येक यात्री चाहे वह मोटरसाइकिल हो या फिर बड़े वाहन यातायात नियमों का पालन कर वाहन चला रहा है तो उसके साथ सुरक्षा साथ-साथ चलती है। और नियमों की अव्हेलना करने वाले खुद जोखिम उठाकर अपनी और अपने परिवार की स्थिति बिगाड़ लेते हैं। इन सभी वाहन चालकों को यही संदेश दिया जाता है कि वाहन हेलमेट अथवा सीटबेल्ट लगाकर ही चलाएं जिससे दुर्घटना होने पर बचने की बहुत उम्मीद होती है।

# मंडीदीप में 13.71 करोड़ की लागत से बनेगा आधुनिक हॉकी सिंथेटिक टर्फ स्टेडियम

**मंडीदीप**

मंडीदीप के उभरते हॉकी खिलाड़ियों की लगातार शानदार उपलब्धियों को देखते हुए राज्य शासन ने नगर को बड़ी खेल सौगात दी है। मंडीदीप में लगभग 13.71 करोड़ रुपये की लागत से आधुनिक हॉकी सिंथेटिक टर्फ स्टेडियम निर्माण की स्वीकृति जारी कर दी गई है। उल्लेखनीय है कि मंडीदीप के हॉकी खिलाड़ी पिछले कई वर्षों से जिला एवं प्रदेश स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन कर रहे हैं। खिलाड़ियों की लंबे समय से सिंथेटिक टर्फ मैदान की मांग थीजिसे अब स्वीकृति मिल गई है। जानकारी के अनुसार मंडीदीप के करीब 100 खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में



सहभागिता की है, जबकि वर्तमान में 10 खिलाड़ी (8 बालिका, 2 बालक) हाई परफॉर्मेंस सेंटर में उन्नत प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। कोच प्रहलाद राठौर ने बताया गया है कि खिलाड़ियों ने कुछ समय पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात कर सिंथेटिक टर्फ की मांग रखी थी। उनके प्रयासों से खेल विभाग स्तर पर प्रस्ताव को गति मिली। वहीं स्थानीय विधायक सुरेंद्र पटवा ने भी मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर हॉकी टर्फ निर्माण का अनुरोध किया था। खेल मंत्री विश्वास कैलाश सारंग की पहल से परियोजना को अंतिम स्वीकृति प्राप्त हुई।

# वन एवं राजस्व सीमा विवाद का हो सकेगा प्रभावी निराकरण

## विस अध्यक्ष ने वन व्यवस्थापन अधिकारी की तत्काल नियुक्ति के संबंध में आवश्यक कार्रवाई के दिए निर्देश

**अतुल रैकवार पन्ना से**

पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं पन्ना विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह के प्रयासों से अब पन्ना विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वन एवं राजस्व सीमा विवाद का प्रभावी निराकरण संभव हो सकेगा। इस संबंध में विधायक द्वारा म.प्र. विधानसभा के सत्र में ध्यानाकर्षण के माध्यम से राजस्व मंत्री से वन व्यवस्थापन अधिकारी के रूप में डिप्टी कलेक्टर नियुक्त करने की मांग की गई थी। इसके अलावा जिला कलेक्टर के पत्र के माध्यम से भी राजस्व विभाग के प्रमुख सचिव को अवगत कराया गया था। पन्ना विधायक की मांग पर अब विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर



द्वारा भी वन व्यवस्थापन अधिकारी की तत्काल नियुक्ति के संबंध में आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। उल्लेखनीय है कि पूर्व मंत्री एवं स्थानीय विधायक द्वारा पन्ना जिले के इस बड़े मुद्दे के निराकरण के लिए लगातार मांग रखी गई। ध्यानाकर्षण के साथ ही सामान्य प्रशासन विभाग के दो-दो प्रश्न भी लगाए गए थे। प्रश्न के माध्यम से संज्ञान में लाया गया था कि फॉरेस्ट सेटलमेंट ऑफिसर पदस्थ न होने के कारण विकास कार्य रूक रहे हैं और पट्टेधारियों को भी बेदखल किया जा रहा है। कृषक हित के विकास कार्य सहित अन्य विकास कार्य भी प्रभावित हैं।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक नागेश नरवरिया द्वारा जय माता प्रिंटर्स म.नं. 1 अमर दाल मिल के पास पेमदीपुरा चिकलोद रोड के पास बापू कालोनी जहांगीराबाद भोपाल मप्र से मुद्रित एवं म.नं. 51 एक्सटेंशन शिवलोक कॉलोनी फेस-3, खजूरी कलां रोड, तह. हुजूर जिला भोपाल से प्रकाशित। संपादक : नागेश नरवरिया (समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा।)